This question paper contains 8 printed pages]

2642-R

Second Year Arts (Regular)

EXAMINATION, 2017

SANSKRIT

Paper II

(प्राचीन भारतीय संस्कृति, धर्मशास्त्र, व्याकरण, अनुवाद एवं निबन्ध)

Time allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

खण्ड 'अ' [Marks : **20**]

__सभी__ प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर __पचास__ शब्दों से अधिक न हो। __सभी__ प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड 'ब' [Marks : **50**]

प्रत्येक इकाई से __एक__ प्रश्न चुनते हुए, कुल __पाँच__ प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर __250__ शब्दों से अधिक न हो। __सभी__ प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड 'स' [Marks : **30**]

कोई __दो__ प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर __300__ शब्दों से अधिक न हो। __सभी__ प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

खण्ड 'अ'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिये। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इकाई I

(*i*) प्राचीन शिक्षा केन्द्रों में से किन्हीं **तीन** के नाम लिखिये।

(*ii*) वर्ण कितने होते हैं ? ब्राह्मण वर्ण के कर्तव्य बताइये।

इकाई II

(*iii*) धर्म के कितने लक्षण हैं ? नाम लिखिये।

(*iv*) ब्रह्मावर्त किसे कहते हैं ?

इकाई III

(*v*) शार्ङ्गिञ्जयः का ससूत्र सन्धि-विच्छेद कीजिये।

(*vi*) दुह् धातु के लोट् लकार के रूप लिखिये।

इकाई IV

(*vii*) हम सभी संस्कृत के प्रति अनुराग रखते हैं—वाक्य का संस्कृत में अनुवाद कीजिये।

(*viii*) तुम सब केवल पढ़ते हो किन्तु वे सब सोचते भी हैं—वाक्य का संस्कृत में अनुवाद कीजिये।

इकाई V

(*ix*) वाणभट्ट महाकवि पर **दो** वाक्य संस्कृत में लिखिये।

(*x*) 'सदाचार:' पर संस्कृत भाषा में **दो** वाक्य लिखिये।

खण्ड 'ब'

इकाई I

2. भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये।

3. गृहस्थाश्रम का विशद विवेचन कीजिये।

इकाई II

4. निम्न श्लोक की सप्रसङ्ग व्याख्या कीजिये :

अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते।

धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुति:॥

5. निम्न श्लोक की सप्रसङ्ग व्याख्या कीजिये :

एकादशं मनो ज्ञेयं स्वगुणेनोभयात्मकम्।

यस्मिन् जिते जितावेतौ भवत: पञ्चकौ गणौ॥

इकाई III

6. 'शात्' तथा 'विसर्जनीयस्य सः' सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिये।

7. 'हशि च' तथा 'तोर्लि' सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिये।

इकाई IV

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिये :

    (*i*) नदियों में ब्रह्मपुत्र सबसे बड़ी और गंगा पवित्रतम है।

    (*ii*) आलस्य ही मनुष्यों में स्थित महान् शत्रु है।

    (*iii*) जहाँ भक्ति है वहीं नारायण है।

    (*iv*) भारतीय संस्कृति विश्वविख्यात थी।

    (*v*) भगवान विष्णु के दश अवतार हुए।

    (*vi*) सहायक सामग्री के सदुपयोग से कार्यसिद्धि होती है।

(*vii*) जल संरक्षण, पुनर्भरण तथा सदुपयोग से जल की बचत होती है।

(*viii*) मानव जीवन का उद्देश्य मोक्ष प्राप्ति है।

(*ix*) तुम सब एकाग्रचित्त होकर रामायण का पाठ करो।

(*x*) हम सभी का शरीर पार्थिव और नश्वर है।

इकाई V

9. निम्न में से किसी **एक** विषय पर संस्कृत में लेख लिखिये :

(*i*) भारतीया संस्कृतिः।

(*ii*) महाभारतम्।

(*iii*) रम्या रामायणी कथा।

खण्ड 'स'

इकाई I

10. प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति पर लेख लिखिये।

इकाई II

11. मनुस्मृति के अनुसार उपनयन संस्कार पर सोदाहरण प्रकाश डालिये।

इकाई III

12. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पदों के विभक्ति, वचन और लिङ्ग का निर्देश कीजिये :

(*i*) पुंस:।

(*ii*) वेधसो:।

(*iii*) अद्भ्य:।

(*iv*) आशिषि।

(*v*) अहानि।

(*vi*) धनूंषि।

(*vii*) पयसाम्।

(*viii*) भूभृत:।

(*ix*) सम्राज:।

(*x*) नर:।

(ब) निम्न में से किन्हीं **पाँच** धातुओं के लकार व पुरुष के रूप लिखिए :

(*i*) तन् धातु लोट् लकार मध्यम पुरुष।

(*ii*) चि धातु लट् लकार प्रथम पुरुष।

(*iii*) क्री धातु विधिलिङ् लकार उत्तम पुरुष।

(*iv*) श्रु धातु लङ्लकार प्रथम पुरुष।

(*v*) वृत् धातु लट् लकार मध्यम पुरुष।

(*vi*) बन्ध् धातु लोट् लकार प्रथम पुरुष।

(*vii*) स्था धातु विधिलिङ् लकार प्रथम पुरुष।

(*viii*) ग्रह् धातु लट् लकार उत्तम पुरुष।

(*ix*) हु धातु लट् लकार प्रथम पुरुष।

(*x*) भी धातु लट् लकार प्रथम पुरुष।

इकाई IV

13. संस्कृत में अनुवाद कीजिये :

राजस्थान राज्य में तैंतीस जिले हैं, इनमें धौलपुर सबसे छोटा तथा जैसलमेर सबसे बड़ा है। जयपुर जिले में सर्वाधिक जनसंख्या है जैसलमेर में न्यूनतम है। राजस्थान अपने शौर्य एवं पराक्रम के लिये विश्वविख्यात है।

इकाई V

14. संस्कृत में निबन्ध लिखिये :

विद्याविहीनः पशुः **अथवा** आचारः परमो धर्मः।